प्रेषक,

रितिश सचदेवा,
अपर सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय प्रथम, एटा

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद,

द्वारा : श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
एटा,

विषयः वित्तीय वर्ष 2011–2012 एवं 2012–2013 से सम्बंधित चल–अचल सम्पत्ति का विवरण माननीय न्यायालय की सेवा में सादर प्रेषित किये जाने के सम्बंध में।

आदरणीय महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा माननीय न्यायालय के C.L.No:14325/IV-h-16/ADMIN A-IV/ DATED: 03-12-2021 : ALLAHABAD के अनुपालन में न्यायिक अधिकारीगण को नियुक्ति की तिथि से वित्तीय वर्ष 2011–2012 एवं 2012–2013 का चल व अचल सम्पत्ति का विवरण प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

माननीय न्यायालय के समक्ष वित्तीय वर्ष 2011–2012 एवं 2012–2013 से सम्बंधित चल–अचल सम्पत्ति का विवरण प्रेषित किया जाना था, किन्तु उक्त अवधि में कार्य की अधिकता के कारण अधोहस्ताक्षरी को अपने बैंक खातों की विवरण (Statement) उपलब्ध न होने के कारण माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत प्रेषित नहीं कर सका था।

अधोहस्ताक्षरी माननीय न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2011–2012 एवं 2012–2013 से सम्बंधित चल–अचल सम्पत्ति के विवरण निर्धारित प्रारूप पर अनुरोध पत्र के साथ ससम्मान प्रेषित किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी अपने कृत्य के लिए क्षमा प्रार्थी है तथा माननीय न्यायालय से क्षमा की याचना करता है। भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी माननीय न्यायालय का सदैव आभारी रहेगा।

अतः महोदय से विनम्र अनुरोध है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रेषित वित्तीय वर्ष 2011–2012 एवं 2012–2013 से सम्बंधित चल–अचल सम्पत्ति की विवरणियों को माननीय न्यायालय के समक्ष सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने की कृपा करें।

ससम्मान सादर प्रेषित।

भवदीय
Ritish
9/12/21
(रितिश सचदेवा)
अपर सत्र न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय प्रथम, एटा।

संलग्नक :
वित्तीय वर्ष 2011–2012 एवं 2012–2013 के चल–अचल सम्पत्ति की विवरणियाँ।